>

Title: Request to construct airport in Vaishali, Bihar.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया । मैं अपने बिहार के वैशाली लोक सभा क्षेत्र से आती हूं ।
भगवान महावीर की जन्मस्थली होने के कारण जैन धर्म के लोग हमेशा यहां आते हैं । वैशाली एक प्रसिद्ध स्थल है और भगवान बुद्ध का इस धरती पर तीन बार आगमन हुआ है ।

यह उनकी कर्म स्थली भी है । ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार वैशाली में विश्व का सबसे पहला गणतंत्र यानी रिपब्लिक डे कायम किया गया था । वहां देश-दुनिया से बौद्ध धर्म के मानने वाले लोग आते रहते हैं । मशहूर नर्तकी, नगरवधू आम्रपाली यहीं की थी । वैशाली पर्यटकों के लिए बहुत लोकप्रिय स्थल है । यहां दूसरे देशों के कई मंदिर भी बने हुए हैं, लेकिन वैशाली में आने-जाने के लिए हवाई मार्ग की कोई समुचित सुविधा नहीं है । मेरे बगल के संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर में भी कोई हवाई अड्डा नहीं है । ऐसी स्थिति में पर्यटकों को पटना से सड़क मार्ग से लंबी यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उनका काफी समय बर्बाद हो जाता है ।

अत: मैं आपके माध्यम से नागर विमानन मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली, बिहार में जल्द से जल्द एयरपोर्ट बनवाने की कृपा करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती वीणा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : श्री कौशल किशोर जी । मैं माननीय सदस्यों को रोकना नहीं चाहता हूं, लेकिन वे एक मिनट में अपनी बात खत्म करें ।